Rajkiya Mahavidyalaya Amori(Champawat)

Email: gdcamori@gmail.com Website: www.gdcamori.in

ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम – रिर्पोट–01, दिनांक 19–02–2024

दिनांक 19–02–2024 को राजकीय महाविद्यालय–अमोडी में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ। 12 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का शुभारम्भ सरस्वती मॉ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। उत्तराखण्ड सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्र छात्राओं को उद्यमिता एवं नवाचार के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अच्छे विजनेस आइडियाज वाले छात्र छात्राओं को विभिन्न पहलुओं पर उन्हे आगे बढ़ाने के लिये तथा उनकी सहायता हेतु और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सहायक होगा। कार्यक्रम में प्रशिक्षक श्री रमेश चन्द्र पन्त तथा श्री पंकज तिवारी ने देवभूमि उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय में 40 प्रशिक्षुओं का पंजीकरण कार्य सम्पन्न कराया। साथ ही उन्हे उद्यम के क्षेत्र में आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी उद्यमिता के नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता ने पंजीकरण के दौरान प्रशिक्षुओं की सहायता की तथा उद्यमिता प्रशिक्षक श्री राजेन्द्र पन्त व श्री पंकज तिवारी का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही डॉ0 सुमित के द्वारा देहरादून से प्रत्येक विन्दुओं पर परामर्श दिया गया। महाविद्यालय के उद्यमिता योजना के फैकल्टी सदस्यों में डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 रंजना सिंह, श्री अतुल कुमार मिश्र, श्री संजय कुमार गंगवार उपस्थित रहे साथ ही श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री दशरथ बोहरा, श्री दिनेश चन्द्र सिंह रावत ने सहयोग किया।

नोडल अधिकारी, देवभूमि उद्यमिता योजना
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)

प्राचार्य
डॉ0 अजिता दीक्षित
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)